प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

स्थापना दिवस

हिमाचल पथ परिवहन निगम की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर आज शिमला के पीटरहॉफ में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

विश्व गठिया दिवस

आज विश्व गठिया दिवस है। हड्डियों में पोषक तत्वों की कमी के कारण असहनीय पीड़ा होती है, जिसे गठिया या अर्थराइटिस कहा जाता है। हड्डी रोग के प्रति जागरूकता के लिए हर वर्ष 12 अक्टूबर को ये दिवस मनाया जाता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स में रहेउमाटोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉक्टर उमा कुमार ने कहा कि मरीजों को सोशल मीडिया या किसी अन्य से सुनकर स्वयं ही उपचार नहीं करना चाहिए।

दशहरा उत्सव

बुराई पर अच्छाई का और असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिमला के जाखू मंदिर में आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव में बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। जाखू मंदिर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। जाखू मंदिर तक पहुंचाने के लिए प्रदेश पथ परिवहन निगम ने विशेष टैक्सियां संचालित की हैं। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि दशहरे के दौरान शिमला में सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

दशहरा उत्सव बधाई

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दशहरा उत्सव की बधाई दी है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक ये पर्व प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि दशहरा पर्व हमारे नैतिक मूल्यों और परंपराओं को मज़बूती प्रदान करता है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी दशहरा उत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष, कुलदीप पठानिया ने कल जयसिंहपुर में राज्य स्तरीय दशहरा महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन ग्रामीण विकास व पंचायती राज किशोरी विशिष्ट लाल इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने आयोजन समिति को उत्सव के सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में आयोजित मेलों व त्यौहारों से राज्य की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति की झलक मिलती है और युवा पीढ़ी तक हमारी उच्च परंपराएं पहुंचती हैं। आयुष युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंदर गोमा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

कुल्लू दशहरा

इस बीच, कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव कल 13 से 19 अक्तूबर तक मनाया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल उत्सव का शुभारंभ करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समापन समारोह पर मौजूद रहेंगे। मुख्य संसदीय सचिव व कुल्लू दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस बार उत्सव के लिए 3 सौ 32 देवी–देवताओं को निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि दशहरा उत्सव के दौरान 25 देशों के सांस्कृतिक दल जहां अपनी प्रस्तुतियां देंगे, वहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। ज़िला प्रशासन द्वारा उत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा कर्मचारियों व पैंशनरों के लिए की गई घोषणा को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–दिवाली पर चार फीसदी डीए का तोहफा, इस माह 28 को मिल जाएगा वेतन–पेंशन। पंजाब केसरी के शब्द हैं–मैडिकल बिलों का एकमुश्त भुगतान होगा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 20 हजार एरियर की किस्त मिलेगी। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–सीएम सुक्खू का ऐलान–चार फीसदी डीए के साथ एडवांस मिलेगी सैलरी। दैनिक जागरण लिखता है–जनवरी 2023 से दिया जाएगा डीए, 28 अक्तूबर को वेतन व पेंशन। हिमाचल दस्तक का कहना है–दिवाली से चार दिन पहले मिलेगी सैलरी व पेंशन। दैनिक सवेरा टाइम्स का शीर्षक है–डीए के भुगतान पर 600 करोड़ सालाना खर्च करेगी सरकार। दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–प्रदेश की वितीय स्थिति बिलकुल ठीक, ट्रेजरी ओवर ड्राफ्ट नहीं। जबकि आपका फैसला के शब्द हैं–हम व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर हिमाचल की ओर जा रहे हैं।

हिमाचल दस्तक ने खबर दी है–अचानक गांव में पहुंचेगा सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू का काफिला–राज्य में शुरू होगी "मुख्यमंत्री एक शाम गांव परिवार के साथ" कार्यक्रम की अनुठी पहल। इसी समाचार पत्र के मुताबिक–अफसरों के विदेशी टूअर पर रिकवरी की तलवार।

भीमाकाली मंदिर के एक हिस्से के धंसने के कारण का अध्ययन करेंगे आईआईटी विशेषज्ञ शीर्षक से खबर को दैनिक सवेरा टाइम्स ने प्रमुखता दी है।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–गुजरात में हिमाचली पायलट शहीद–भारतीय तटरक्षक में तैनात थे चढ़ियार के बरवाल के राकेश। मौसम पर आपका फैसला लिखता है–हिमाचल के उच्च पर्वतीय भागों में 17 अक्तूबर को बारिश का पूर्वानुमान।